

### एक नजर में

**तिरंगा लहराने वाले वास्त्री का सम्मान**

**गुना।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कन्नौजिया और प्रदेश अध्यक्ष बलबीर निवोरिया के निर्देश पर रजक समाज के होनहार खिलाड़ी ललित वास्त्री का उनके निज निवास राघौगढ़ में सम्मान किया गया। हाल ही में थाईलैंड में आयोजित 'थाईलैंड ओपन मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप 2026' में ललित ने दो रजत और दो कांस्य पदक जीतकर न केवल राघौगढ़ और गुना जिले का, बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा सिंगापुर, नेपाल, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, ईरान, बर्मा और जापान जैसे 10 देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया था। ललित ने 40+ वर्ग की प्रतिस्पधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मी. और 200 मी.दौड़ में दो कांस्य पदक, लंबी कूंद में एक रजत पदक और 100 मीटर रिले रेस में रजत पदक जीता है।

**श्री पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तिमय हल्दी समारोह**

**गुना।** शहर के एबी रोड स्थित प्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 को धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ 'हल्दी समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। पशुपतिनाथ महादेव मंदिर महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। समारोह की शुरूआत महिला मंडल की सदस्यों द्वारा भगवान पशुपतिनाथ जी के विशेष पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके उपरांत, पारंपरिक गीतों और मंगल गान के बीच महादेव को विधि-विधान से हल्दी एवं उबटन अर्पित किया गया।

इस दौरान पूरा मंदिर परिसर शिव भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। भगवान का मनमोहक श्रृंगार देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

# नपा सम्मेलन में फूटा पार्षदों का गुस्सा, बोले-जनता ने हमें समोसा खाने नहीं भेजा

## विधायक शाक्य ने कर्मचारियों को दी चापलूसी बंद करने की हिदायत

**रेलवे स्टेशन की प्यास बुझाने पर लगी मुहर**

**वार्डों के विकास पर भिड़ गए पार्षद**



**नवभारत न्यूज**

**गुना 13 फर. का। लंबे समय के अंतराल के बाद शुक्रवार को आयोजित गुना नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन हंगामे की भेंट चढ़ गया। 14 बिंदुओं के एजेंडे के साथ शुरू हुई इस बैठक में शहर के विकास कार्यों की सुस्त रफ्तार, आवारा जानवरों का आतंक और पार्षदों की अनदेखी के मुद्दों पर जमकर बहस हुई।**

सम्मेलन की खास बात यह रही कि क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य भी इसमें शामिल हुए और उन्होंने न केवल प्रशासनिक अमले को फटकार लगाई, बल्कि शहर के भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक की शुरूआत होते ही वार्डों में विकास कार्य ठप होने का मुद्दा गरमा गया। पार्षद शेखर वशिष्ठ, तरुण मालवीय और सचिन धूरिया ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि उन्होंने अपने वार्डों की समस्याओं को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी डॉ. मंजूषा खत्री को कई पत्र लिखे, लेकिन महीनों बाद भी उन पर कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब कई पार्षद अपनी सीटों से खड़े होकर एक साथ चिल्लाने लगे। पार्षद दिनेश शर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीधे तौर पर कहा, वार्ड की जनता ने हमें यहाँ परिषद की बैठक में केवल समोसा खाने के लिए नहीं भेजा है, बल्कि वार्ड में नालियों और सड़कों का निर्माण कराने के लिए भेजा है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि परिषद में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है और जानबूझकर विकास कार्यों के टेंडर निरस्त किए जा रहे हैं। हंगामे को बढ़ता देख सीएमओ ने शांति की अपील की और कहा कि निर्णय किसी व्यक्ति विशेष के आधार पर नहीं बल्कि बहुमत के आधार पर लिया जाएगा।

**कुत्ते और आवारा मवेशियों के आतंक पर घेरा**

नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने शहर की ज्वलंत समस्या 'डॉग बाइट' और आवारा मवेशियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।



**विधायक बोले, दिल्ली में बने आरसी लाहोटी मार्ग**

विधायक पन्नालाल शाक्य ने पीएम आवास कॉलोनी में बनने वाली दुकानों को 'अटल मार्केट' के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। विधायक ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश स्वर्गीय आरसी लाहोटी के सम्मान में दिल्ली में एक सड़क का नामकरण करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की कि वे एकजुट होकर इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजें। शाक्य ने सड़कों के घटिया मेंटेनेंस पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, आज सड़क बनाई और कल उखड़ गई, ऐसा काम अब नहीं चलेगा। मेंटेनेंस की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिए जैसे हम अपने घरों के काम में रखते हैं। शाक्य ने महिला पार्षदों को आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी समझ विकसित करनी चाहिए और उन्हें खुद परिषद की कार्यवाही में सक्रिय रहना चाहिए।

## विधायक ने पूछा कि वे शहर में सफाई व्यवस्था का दौरा क्यों नहीं करते?

पार्षदों ने बताया कि शहर के सभी 37 वार्डों में कुत्तों का आतंक है और आए दिन लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन नगरपालिका प्रशासन इस पर मौन है। वशिष्ठ ने प्रश्नकाल का बिंदु शामिल न होने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका लाखों की खरीदी कर रही है, लेकिन वार्डों में सफाई के लिए जरूरी चूना और फिनाइल तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इसी दौरान विधायक और नेता प्रतिपक्ष के बीच कार्यकाल की अवधि को लेकर हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली।

**रेलवे स्टेशन को मिलेगा 10 लाख लीटर पानी**

एजेंडे के मुख्य बिंदुओं में शामिल गुना रेलवे स्टेशन को बल्क वाटर कनेक्शन देने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई। तय किया गया कि नगरपालिका रेलवे को रोजाना 10 लाख लीटर पानी उपलब्ध कराएगी। इस योजना के लिए 1 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा, जिसका पूरा खर्च रेलवे बोर्ड उठाएगा। रेलवे द्वारा नगरपालिका को 16 रुपये प्रति किलोलीटर की दर से हर महीने भुगतान किया जाएगा। इस राशि की स्वीकृति रेलवे बोर्ड से मिल चुकी है।

**विधायक पन्नालाल शाक्य के कड़े निर्देश**

बैठक में विधायक पन्नालाल शाक्य ने कड़े तेवर दिखाते हुए नगरपालिका कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने सीधे तौर पर स्वास्थ्य अधिकारी को घेरा और पूछा कि वे शहर में सफाई व्यवस्था का दौरा क्यों नहीं करते? विधायक ने कर्मचारियों को सख्त लहजे में कहा, 'आप सरकार के नुमाइंदे हैं, किसी के व्यक्तिगत नौकर नहीं। इसलिए चापलूसी बंद करें और शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## चोरी हुए लाखों के जेवर पाकर खिले महिला के चेहरे



**गुना।** एसपी अंकित सोनी के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस ने जज्जी बस स्टैंड पर एक बस यात्री महिला के साथ हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का न केवल सफल खुलासा किया है, बल्कि चोरी गया मशरूका भी बरामद कर लिया है। शुक्रवार को न्यायालयीन प्रक्रिया के उपरांत महिला को उसके जेवरात सौंप दिए गए, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की। बता दें कि 13 अगस्त 2025 को फतेहगढ़ निवासी रीना राव जज्जी बस स्टैंड से फतेहगढ़ जाने के लिए बस में बैठी थीं। बस चलने से कुछ समय पूर्व वह अपना बैग सीट पर रखकर नीचे उतरी थीं। जब वे गंतव्य पर पहुँचीं, तो बैग से सोने-चांदी के जेवरात और 16 हजार रुपए नगद गायब थे एसपी अंकित सोनी के निर्देश पर गठित विशेष टीम और साइबर सेल ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। कड़ी मेहनत के बाद आरोपी की पहचान शिवपुरी जिले के कोलारस निवासी शाहिद खान के रूप में हुई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर शाहिद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसकी निशादेही पर करीब 2 लाख रुपये कीमत के सोने के पैंडल, नथ, बिंदिया, चांदी की पायलें और कमर का गुच्छा बरामद किया गया। शुक्रवार को जब न्यायालय के माध्यम से रीना राव को उनके जेवरात वापस मिले, तो उनके और उनके पति के चेहरे खुशी से खिल उठे।

महिला ने एसपी अंकित सोनी और पूरी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुलिस की सक्रियता से उनके जेवर वापस मिल सके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि एसपी साहब के प्रयासों से उनका चोरी गया सोने का हार भी जल्द ही मिल जाएगा।

## मैंने दूर से देखा तो लगा हॉलीवुड का हीरो खड़ा है : जीतू पटवारी

**पटवारी ने जयवर्धन सिंह की जमकर की तारीफ**



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** मप्र कांग्रेस की राजनीति में इन दिनों एक नई और दिलचस्प केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की जुगलबंदी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। गुरुवार को गुना प्रवास के दौरान पटवारी ने जयवर्धन सिंह के लुक और व्यक्तित्व की तुलना हॉलीवुड के हीरो से कर दी।

दरअसल, जीतू पटवारी गुरुवार को गुना जिले के चांचौड़ा क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जब उनका काफिला नेशनल हाईवे से गुजर रहा था, तब राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह अपने समर्थकों के साथ उनका स्वागत करने के लिए खड़े थे। जैसे ही पटवारी की गाड़ी रुकी, जयवर्धन सिंह ने माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। जैसे ही जीतू पटवारी गाड़ी से उतरे, उन्होंने वहां मौजूद कार्यकताओं और नेताओं की ओर मुस्कुराते हुए कहा, मैंने दूर से देखा कि कौन खड़ा है, कौन है? मैंने सोचा कि ये अपना हॉलीवुड का हीरो कौन खड़ा है? पास आकर देखा तो पता चला ये तो हमारे जेवी भैया हैं। पटवारी की इस मजाकिया और आत्मीय टिप्पणी पर वहां मौजूद कार्यकताओं ने जमकर ठहाके लगाए। इसके बाद जयवर्धन सिंह ने स्थानीय नेताओं का परिचय पीसीसी चीफ से कराया। जीतू पटवारी चांचौड़ा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना बल्लू चौहान के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और मेहमानों व कार्यकताओं से संवाद किया। पटवारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह ही पार्टी की असली ताकत है।

इस दौरान बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, जिला महामंत्री गुड्डू राजा बुंदेला, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राजनीतिक गलियारों में जीतू पटवारी और जयवर्धन सिंह के बीच की इस 'ट्यूनिंग' को आगामी सांगठनिक मजबूती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## बड़ी कार्यवाही : 40 हजार के गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**गुना/आरोन।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा जिले को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आरोन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक 60 वर्षीय महिला तस्कर को सवा चार किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, 12 और 13 फरवरी 2026 की दरम्यानी रात आरोन थाना पुलिस को मुखबिर के जरिए सटीक सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना थी कि ग्राम उरजनयाई स्थित सुगनयाई तिराहे पर यात्री प्रतीक्षालय के पास एक महिला भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर किसी वाहन के इंतजार में खड़ी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे के मार्गदर्शन में आरोन पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस ने मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। पूछताछ में महिला ने अपना नाम अख्तरी उर्फ लटूरी बाई (60), निवासी ग्राम रामपुर, थाना आरोन बताया। जब पुलिस ने विधिवत तलाशी ली, तो महिला के हाथ में मौजूद बैग से




4.28 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस गांजे की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोन थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ को जप्त कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 42/26 और धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी महिला यह गांजा कहाँ से लेकर आई थी और आगे इसे कहाँ सप्लाई किया जाना था। इस कार्यवाही से क्षेत्र के नशा माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

**मंत्री विजय शाह के समर्थन में जनजाति समाज**

**गुना।** मप्र शासन के जनजाति कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के समर्थन में अब गुना जिले के युवा और छात्र भी आगे आए हैं। बीते दिनों एक बयान को लेकर उपजे विवाद के बाद, जिले के जनजातीय समाज सहित अन्य वर्गों के युवाओं ने सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट पहुँचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। युवाओं ने इस विवाद को अब पूर्णतः समाप्त करने की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से युवाओं और छात्रों ने तर्क दिया कि मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह से अनजाने में भाषा की जो त्रुटि हुई थी, उसके लिए उन्होंने राजनीतिक शुचिता का परिचय देते हुए चार बार सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है। जब कोई व्यक्ति अपनी भूल स्वीकार कर बार-बार क्षमा याचना कर चुका हो, तो नैतिकता के नाते उस विषय को आगे बढ़ाना उचित नहीं है।

## 7 बसों पर 21 हजार का जुर्माना, सुरक्षा मानकों में मिली भारी कमी

**गुना।** शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने यात्री सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया। ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह ने बल के साथ नानाखेड़ी हाईवे बायपास पर यात्री बसों का विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली बसों पर सख्त कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बसों के भीतर जाकर यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के मुख्य बिंदुओं में अग्निशमन यंत्र (फायर सिलेंडर) की उपलब्धता, इमरजेंसी एग्जिट विंडो (आपातकालीन खिड़की) की कार्यशीलता और फर्स्ट एड मेडिकल बॉक्स की स्थिति को देखा गया। अभियान के दौरान करीब 10 बसों की जांच की गई। इस निरीक्षण में केवल बॉबी ट्रैवल्स की बस सभी सुरक्षा मानकों पर खरी उतरी। इसके विपरीत भदावर ट्रैवल्स,




सिकरवार ट्रैवल्स सहित अन्य 7 बसों में गंभीर खामियां पाई गईं। सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरतने वाली इन 7 बसों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 21,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। ट्रैफिक थाना प्रभारी अजयप्रताप सिंह ने बस संचालकों और चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित बस मालिकों को 24 घंटे के भीतर सभी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं किया गया, तो बसों को जब्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## कुएं में गिरा 10 वर्षीय मूक-बधिर बालक, ग्रामीण ने बचाई जान

**गुना।** म्याना के कटरा मोहल्ले में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहाँ सड़क किनारे स्कूल के सामने स्थित एक पुराने कुएं में खेलते समय 10 वर्षीय बालक गिर गया। गनीमत रही कि पास ही चौक में ग्रामीण बैठे थे, जिन्होंने समय रहते बच्चे के रोने की आवाज सुन ली और उसकी जान बचा ली। जानकारी सामने आई बालक मूक-बधिर है



और कुएं के पास खेल रहा था, तभी अचानक अनियंत्रित होकर अंदर जा गिरा। कुएं से रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत एकत्रित हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कटरा मोहल्ला निवासी धरमू कुशवाह ने दिलेरी दिखाई। वे तुरंत रस्सा लेकर गहरे कुएं में उतरे और बालक को रस्सी से बांधकर सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि कुएं में पानी कम होने की वजह से बालक को गंभीर चोटें नहीं आईं। हादसे के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश देखा गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कुआं खुला पड़ा है और इससे मात्र दस कदम की दूरी पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय संचालित है। स्कूल होने के कारण यहाँ हर समय बच्चों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी का डर बना रहता है। इस घटना ने खुले कुओं की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक कुओं के ऊपर लोहे का मजबूत जाल डाला जाए, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

**पुलिस फाइल से** — **सोनी कॉलोनी में मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदला**

## बिजनेस पार्टनर की बेटी पर एसिड अटैक, युवती बुरी तरह झुलसी

**नवभारत न्यूज**

**गुना। शहर के पॉश इलाके सोनी कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक ही बिल्डिंग में रहने वाले दो बिजनेस पार्टनर्स के परिवारों के बीच मामूली बात को लेकर खूनी संघर्ष की नौबत आ गई। इस दौरान एक युवती पर एसिड अटैक जैसी क्रूरतम घटना भी सामने आई है।**



राजीव गांधी पार्क के पास स्थित इस बिल्डिंग में रहने वाले जगदीश उर्फ जग्गा राठौर और अरविंद जैन के परिवारों के बीच विवाद शुरु हो हो गया, जमकर मारपीट हुई और हंगामा मच गया। अरविंद जैन का आरोप है कि जग्गा राठौर के पक्ष ने उनकी बेटी सौम्या जैन पर तेजाब फेंक दिया। इस जानलेवा हमले में सौम्या बुरी तरह झुलस गई है, जबकि उसकी मां शोभा जैन और पिता अरविंद जैन भी मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए गुना जिला अस्पताल भेजा गया है। विवाद की शुरूआत दोपहर करीब 12 बजे हुई। पीड़ित अरविंद जैन के मुताबिक निचली मंजिल पर रहने वाले जगदीश राठौर ने उनके घर की बिजली काट दी थी, जिसका विरोध करने पर उसने बाहरी गुंडों को बुलाकर हमला करवा दिया। वहीं दूसरी ओर, पड़ोसियों के बीच चर्चा है कि अरविंद जैन द्वारा तीसरी मंजिल पर कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर दोनों पक्षों में पुराना मनमुटाव था, जो शुक्रवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। हंगामे के दौरान मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को भी भारी विरोध का सामना करना पड़ा। उपद्रवियों ने पुलिस के साथ न केवल झूमाझटकी की, बल्कि कवरेज कर रहे मीडियाकर्मियों को भी डराने-धमकाने की कोशिश की। इस दौरान एक मीडियाकर्मी का मोबाइल छीनकर फेंक दिया गया। फिलहाल, मौके पर पहुंची भारी पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया और झगड़ा कर रहे कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर कोतवाली थाने पहुंचाया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और एसिड अटैक जैसी संगीन धाराओं के तहत कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इस घटना के बाद से पूरी सोनी कॉलोनी में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## ओमकार कॉलेज में 'महिला संवाद' में बजट महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम

**गुना।** केंद्रीय बजट 2026 के प्रावधानों को आम जनमानस, विशेषकर महिलाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला भाजपा महिला मोर्चा के तत्वाधान में ओंकार कॉलेज में 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बजट को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि केंद्र सरकार के हालिया बजट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समर्पित हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। वहीं, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि बजट के माध्यम से महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती मिली है, बल्कि वे अब समाज में सम्मानजनक और निर्णायक भूमिका निभाने में सक्षम हुई हैं। मुख्य वक्ता श्रीमती वंदना मांडरे ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बजट में महिलाओं के लिए 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि बजट 2026 महिला उद्यमिता, स्वयं सहायता समूहों और मातृ स्वास्थ्य को मजबूती प्रदान करता है।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज, जिला-गुना (म0प्र0)**

क्रमांक/ मंडी/बी-6/2025-26/.... बीनागंज दिनांक.........

**।। निविदा सूचना ।।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री भोजन व्यवस्था योजना के अंतर्गत मंडी प्रांगण में कृषकों को प्रति थाली 6 पूड़ी, सब्जी अथवा 6 रोटी दाल उपलब्ध करायी जाना है, जिसमें 5 रूपये कृषक से लेना और अधिकतम 10 रूपये मंडी समिति द्वारा देय होगी। आपकी दर बंद लिफाफे में दिनांक 23-02-2026 को समय दोपहर 03:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। दिनांक 24-02-2026 को प्राप्त कोटेशन संबंधितों के समक्ष सांय 04:30 बजे खोले जावेगें। दिनांक 23-02-2026 समय दोपहर 03:30 बजे तक अमानत राशि रूपये 1,00000/- जमा कराना अनिवार्य है। विस्तृत शर्तें कार्य दिवस में स्टोर शाखा में देखी जा सकती है। योजना में सभी अधिकार मंडी समिति बीनागंज के पास सुरक्षित है।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज
जिला गुना (म0प्र0)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति बीनागंज
जिला गुना (म0प्र0)